प्रचार रथ के माध्यम से कोरोना को हराने फैला रहे जन जागरूकता संदेश, शहर की हर गलियों में पहुंच रही है प्रचार रथ

भिलाई नगर/ प्रचार रथ शहर की हर गलियों में पहुंचकर कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है! कोरोना को हराने के लिए जन जागरूकता के तहत निगम प्रशासन द्वारा प्रचार रथ तैयार किया गया है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में स्वयं को सुरक्षित रखने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखना आवश्यक है, इसके लिए विशेषज्ञों द्वारा कई उपाय सुझाए गए हैं जिसका पालन करते हुए हम कोरोनावायरस को हराने में अपनी अहम किरदार निभा सकते हैं! कोरोना के प्रति लोगों में जागरूकता आने से कोरोना को फैलने से रोकने में सफलता मिलेगी! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जन जागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं ! कोरोना संक्रमण की रोकथाम के तहत नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्र में रथ शांति , नगर महादेव कॉलोनी, पटवारी बाड़ी, दशहरा मैदान, प्रजापति भवन के पास , चंद्र नगर , अंबेडकर बस्ती, गांधी कॉलोनी, शकुंतला रोड, गुरुनानक मार्केट, पंचमुखी हनुमान मंदिर , डबरा पारा, जवाहर नगर, बाबा दीप सिंह नगर , रामनगर, चंदन पारा, गोल मार्केट, ईडब्ल्यूएस क्षेत्र, कालीबाड़ी क्षेत्र, कैलाश नगर, ढांचा भवन क्षेत्र, संग्राम चौक, जागृति पारा, सोनिया गांधी नगर, शंकर नगर, जागृति पारा, शिव पारा, सूर्य कुंड क्षेत्र, फौजी नगर, हनुमान मंदिर, दुर्गा मंच, घासीदास नगर, शास्त्री नगर, वृंदा नगर, प्रेम नगर, कुरूद, वैशाली नगर, राजीव नगर, नेहरू नगर, स्मृति नगर, राधिका नगर, खुर्सीपार, जुनवानी, खमरिया, कैंप क्षेत्र सहित संपूर्ण निगम क्षेत्र में प्रचार कर रही है! प्रचार रथ में कोविड- 19 से संबंधित जानकारी प्रदाय की जा रही है , कोरोना लक्षण आने पर कौन से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच की सुविधा उपलब्ध होगी, वायरस की चपेट में आने पर किस तरह बचाव करना है, घरों व सार्वजनिक स्थानों पर किस तरह एहतियात बरतना है , शरीर में लक्षण दिखाई देने पर किस प्रकार से सतर्क रहना है , कोरोना के सामान्य लक्षण किस प्रकार के होते हैं , वायरस को फैलने से कैसे रोका जा सकता है , रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करने के सामान्य उपाय क्या होंगे , कोविड-19 से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबर, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के आयुर्वेदिक उपाय, मास्क की अनिवार्यता एवं सोशल डिस्टेंस जैसी जानकारी साउंड सिस्टम एवं प्रदर्शित फ्लेक्स के माध्यम से दी जा रही है!